भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 821

दिनांक 29.11.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

उत्तर प्रदेश में पासपोर्ट जारी करना

821. श्री अशोक कुमार रावतः

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष उत्तर प्रदेश में युवा लड़के-लड़कियों को जारी किए गए पासपोटों की कुल संख्या वर्ष-वार कितनी है;

(ख) क्या ऐसे युवा वीजा का उपयोग करके रोजगार के लिए विदेश गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार के पास इस संबंध में आंकड़े उपलब्ध हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या उत्तर प्रदेश के मिसरिख जिले के पासपोर्ट कार्यालय द्वारा जारी किए गए पासपोटों के संबंध में कोई आकलन किया गया है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विगत तीन वर्षों के दौरान आज तक विदेश गए युवाओं की कुल संख्या वर्ष-वार कितनी है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री कीर्ति वर्धन सिंह)

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में युवा लड़कों और लड़कियों को जारी किए गए पासपोर्टों की कुल संख्या अनुबंध-। पर दी गई है।

(ख) और (ग) रोजगार के लिए विदेश गए भारतीय नागरिकों से संबंधित आंकड़े इस मंत्रालय के पास उपलब्ध नहीं हैं।

(घ) उत्तर प्रदेश के मिसरिख लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पीओपीएसके मिसरिख पहले से ही कार्यरत है, जहाँ प्रतिदिन चालीस (40) अपॉइंटमेंट जारी की जाती हैं और अगले कार्य दिवस के लिए अपॉइंटमेंट उपलब्ध है। पीओपीएसके मिसरिख में जमा किए गए आवेदनों की तुलना में जारी किए गए कुल पासपोर्ट निम्नानुसार हैं:

वर्ष	**कुल सं.**
2021	19
2022	526
2023	630
2024 (31 अक्तूबर 2024 तक)	82
कुल	**1257**

(ङ) उत्तर प्रदेश के मिश्रिख जिले से रोजगार के लिए विदेश गए भारतीय नागरिकों से संबंधित आंकड़े इस मंत्रालय के पास उपलब्ध नहीं हैं।

*****

अनुबंध – I

उत्तर प्रदेश में जेंडर के अनुसार जारी पासपोर्ट

वर्ष	राज्य	पुरुष		महिला		ट्रांसजेंडर	
		18 वर्ष से कम और समान	18 वर्ष से अधिक	18 वर्ष से कम और समान	18 वर्ष से अधिक	18 वर्ष से कम और समान	18 वर्ष से अधिक
2021	उत्तर प्रदेश	49897	474444	20861	96949	1	14
2022		78603	824959	38924	173318	2	44
2023		102283	939809	57580	269038	2	47
2024 (31 अक्तूबर 2024 तक)		76741	708615	44429	217993	0	43

*****